उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 24.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 24.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।

जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।

साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस — समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ






## मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा में व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित

मिशन शक्ति फेज-5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद महोबा के समस्त थानों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित विशेष अभियान के क्रम में आज दिनांक 24.04.2026 को जनपद महोबा में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

उक्त कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में संपन्न कराए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों एवं ग्राम/कस्बा क्षेत्रों में पहुंचकर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न अथवा आपात स्थिति में पुलिस द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की जाएगी।

पुलिस टीमों ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, साइबर अपराध एवं अन्य महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 आदि एवं मिशन शक्ति केंद्रों की सेवाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या के संबंध में निडर होकर पुलिस से संपर्क करें।

जनपद महोबा पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उनके प्रति होने वाले अपराधों की रोकथाम हेतु निरंतर सक्रिय एवं प्रतिबद्ध है।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः– 24.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 24.04.2026 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत स्कूलों/कॉलेजों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर छात्राओं, छात्रों एवं महिलाओं को आत्मरक्षा, उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम-

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान छात्र/छात्राओं को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

- 1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य-

मिशन शक्ति फेज–5.0 (द्वितीय चरण) एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार करना, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त बनाना है।











उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक:– 24.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

**पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पासिंग आउट परेड (POP) की ग्रैंड रिहर्सल का किया गया निरीक्षण, उत्कृष्ट एवं गरिमामय आयोजन हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 24.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में दिनांक 26.04.2026 को आयोजित होने वाली पासिंग आउट परेड (POP) के दृष्टिगत आयोजित ग्रैंड रिहर्सल/फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा परेड की विभिन्न टुकड़ियों की ड्रिल, मार्च पास्ट, कमांड एवं नियंत्रण, कदमताल, अनुशासन एवं समन्वय का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही परेड ग्राउण्ड की समुचित सज्जा, सुरक्षा प्रबंधन, अनुशासन व्यवस्था, साफ-सफाई, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी भी प्राप्त की गई।

इस अवसर पर उपस्थित प्रशिक्षण स्टाफ, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने परेड की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने, प्रत्येक गतिविधि में समन्वय बनाए रखने तथा अनुशासन का उच्चतम स्तर सुनिश्चित करने पर बल दिया।

उन्होंने निर्देशित किया कि पासिंग आउट परेड को पूर्णतः सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए, जिससे जनपद पुलिस की कार्यकुशलता, अनुशासन एवं पेशेवर दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन हो सके।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांकः– 24.04.2026**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## जनप्रतिनिधियों संग गोष्ठी कर कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने पर विचार विमर्श, जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण पर जोर






आज दिनांक 24.04.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह द्वारा जनपद महोबा के सम्मानित जनप्रतिनिधियों के साथ कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाये रखने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विचार-विमर्श गोष्ठी का आयोजन किया गया।

गोष्ठी के दौरान जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने, अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनप्रतिनिधियों से क्षेत्रीय समस्याओं, जनता की अपेक्षाओं एवं स्थानीय स्तर पर आने वाली चुनौतियों के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया तथा पुलिस प्रशासन से अपेक्षित सहयोग के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी सुझावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

श्री शशांक सिंह ने कहा कि पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय और संवाद ही बेहतर कानून व्यवस्था का आधार है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जनपद में कानून व्यवस्था को बनाए रखने तथा जनता को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

गोष्ठी के अंत में सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जनहित में कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांकः– 24.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना अजनर पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह तथा क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्रों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

थानाध्यक्ष अजनर श्री सुभाषचन्द्र द्वारा गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आज दिनांक 24.04.2026 को सरकारी अस्पताल एवं सहकारी समिति के पास से एक अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त जसवन्त उर्फ अतुल पाल पुत्र छविलाल पाल, उम्र करीब 18 वर्ष, निवासी ग्राम अजनर थाना अजनर जनपद महोबा के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर (चालू हालत में) एवं 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 64/2026 धारा 9/25(2) आयुध अधिनियम, 1959 के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### बरामदगी-

- एक अदद तमंचा 315 बोर (नाजायज)
- एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर (नाजायज)

### गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-

1. व0उ0नि0 धर्मेन्द्र सिंह, थाना अजनर जनपद महोबा
2. का0 मुकेश सिंह, थाना अजनर जनपद महोबा
3. का0 सौरभ सिंह, थाना अजनर जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

जसवन्त उर्फ अतुल पाल पुत्र छविलाल पाल, उम्र करीब 18 वर्ष, निवासी ग्राम अजनर थाना अजनर जनपद महोबा



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक:- 24.04.2026

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर पुलिस टीम ने
## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 24.04.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्रीनगर श्री जयचन्द्र सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त रूप्पू उर्फ कृष्णकान्त अरजरिया पुत्र जगदीश अरजरिया निवासी ग्राम हिलुवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 216/2021 अ0सं0 35/2021 धारा 08/20 एनडीपीएस एक्ट व केस नं0 164/21 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम हिलुवा थाना श्रीनगर के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1.उ0नि0 कन्हैयालाल पटेल
2.कां0 सुरेन्द्र कुमार
3.कां0 हंसराज

**गिरफ्तार अभियुक्त -**

रूप्पू उर्फ कृष्णकान्त अरजरिया पुत्र जगदीश अरजरिया निवासी ग्राम हिलुवा थाना श्रीनगर जनपद महोबा

